पंजाब केसरी 25/10/2024

स्वच्छता प्रकृति का आभूषण, इसे संजोए रखें : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाते एन.सी.सी. कैडेट्स। (देवदत्त)

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में एन.सी.सी. कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

अम्बाला, 23 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं कैप्टन डा. एस.एस. नैन के नेतृत्व में एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य कॉलेज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ कॉलेज विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि स्वच्छता प्रकृति का आभूषण है और आम जनमानस की यह जिम्मेदारी है कि वह इसे संजोए रखे। स्वच्छता को समूचे देश में एक अभियान के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थापित किया है, जिससे देश का प्रत्येक नागरिक इसमें शामिल हुआ है। यह अभियान आज व्यापक स्तर पर समाज के कोने-कोने में कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण व्यक्ति के बौद्धिक एवं मानसिक रूप से व्यवहार को स्वस्थ रखता है। इसलिए इस पावन कार्य में हमें व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से अपनी भागीदारी स्थापित करनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

डा. एस.एस. नैन ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि स्वच्छता ही मानव जीवन का आधार है। यदि हमारे आसपास का वातावरण दूषित होगा तो मानव जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

इसलिए अपने आवरण को स्वस्थ रखने के लिए हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए। प्रदूषण चाहे आंतरिक स्तर पर हो या बाह्य, दोनों ही रूपों में खतरनाक है।

पुरजोर प्रयासों द्वारा ही अपने समाज, जिले एवं देश को स्वच्छ बनाया जा सकता है। इस अवसर पर एन.सी.सी. महिला विंग की सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने भी सभी कैडेट्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में 50 एन.सी.सी. कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपने समर्पण भाव से कॉलेज को स्वच्छ रूप प्रदान किया।